53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.6°c | अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:37, सूर्यास्त - 6:55 | वर्ष : 53/ अंक : 119 | बृहस्पतिवार, 01 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगी में व्यक्ति को केवल अमीर ही नहीं होना चाहिए, उसके पास जमीर भी होना चाहिए।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जाति जनगणना के नाम पर ढोंग करने वाले दल कांग्रेस, सपा अब जनता को मुंह दिखाने लायक नहीं हैं : केशव प्रसाद मौर्य



ढोंग करने वाले.... कभी बदलते नहीं.....

# ओवैसी के एक इशारे पर चरथावल में ब्लैक आउट

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)।** चरथावल क्षेत्र में ओवैसी का इशारा मुस्लिम समाज के लोगों के बीच सिर चढ़कर बोला। बुधवार की रात एकाएक खबर आई कि चरथावल में मुस्लिम क्षेत्रों में 9 बजे पूरे इलाके में अंधेरा हो गया है। दुकानों, घरों, दफ्तरों की लाइट बंद हुई तो लोगों में यह बात चर्चा का विषय बन गयी। जब इस बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर व एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के आह्वान पर चरथावल क्षेत्र में ब्लैक आउट

**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयते उलेमा व ओवैसी की अपील पर अंधेरे में डूबा चरथावल**

कर दिया गया है। दरअसल यह विरोध करने का अनोखा तरीका निकाला गया है। हालांकि इससे पहले मस्जिदों में नमाज के समय हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुकदमे दर्ज कराए गए थे। अब चरथावल क्षेत्र में ब्लैक आउट की खबर ने खलबली मचाकर रख दी है। बुधवार की रात 9 से 9:15 बजे के बीच मुस्लिम समाज के लोगों ने यह कहते हुए ब्लैक आउट किया कि वे वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हैं। यह बिल मुस्लिमों के कतई हित में नहीं है।

उन्होंने इस विरोध को लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग बताया और मांग की कि सरकार तुरन्त इस बिल को वापस ले। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भले ही प्रतीकात्मक हो लेकिन यह वक्फ अधिनियम में लाए गए संशोधन के खिलाफ है। यह अनोखा विरोध प्रदर्शन मुस्लिमों और न्यायप्रिय नागरिकों की एकजुटता और विरोध की शक्ति को उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि इसका संदेश देश के प्रधानमंत्री मोदी तक हर हाल में जाएगा और हम अपने मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे। मीडिया ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ जमीयते उलेमा ए हिन्द, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व एआईएमआईएम प्रमुख के समर्थकों से देर रात बातचीत की तो उनके एक समर्थक मौहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि ओवैसी साहब के इशारे व अपील पर ही उन्होंने चरथावल में 9 से 9:15 के बीच ब्लैक आउट किया है और वे इस बिल का पुरजोर विरोध करते हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विरोध पर भी कोई एक्शन लेती है अथवा इस विरोध को स्वीकार करती है।










# आत्महत्या से पहले तीन दोस्तों पर लगाया रिश्ता तुड़वाने का इल्जाम और दे दी जान

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)।** अपनी पसंद का प्रेम न मिलने पर एक युवक ने रिश्ता टूटने का इल्जाम अपने नजदीकी तीन लोगों पर लगाकर आत्महत्या कर ली। हैरान कर देने वाली इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। दरअसल सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मदीना कॉलोनी के रहने वाले अनस को क्षेत्र की ही एक युवती से प्रेम हो गया था। जैसे-तैसे अनस ने पहले अपने घरवाले फिर युवती के परिजनों को समझा-बुझाकर लगभग 12 दिन पहले रिश्ता तय कर लिया था मगर बुधवार को एकाएक अनस का शव शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर के जंगल में मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अनस ने मरने से पहले अपना वीडियो बनाया और उसने अपने नजदीकी तीन लोग शराफत, दिलशाद और नौशाद पर खुलकर आरोप लगाते हुए बताया कि इन तीनों की वजह से ही लड़की पक्ष ने अनस से रिश्ता तोड़ दिया। रिश्ता टूटने के साथ-साथ उसका दिल भी टूट गया। अनस ने वीडियो में बताया कि इन तीनों ने मिलकर लड़की के पिता को यह सूचना दी थी कि अनस व प्रेम करने वाली युवती एक कमरे में बंद पाए गए थे। इसी बात को सुनकर युवती के पिता ने रिश्ता तोड़ दिया। इन तीनों को आरोपी बनाते हुए अपनी बात कहकर अनस ने आत्महत्या कर ली। पूरे मामले की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस परिवार के बीच पहुंची और जानकारी हासिल करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का बताना है कि मृतक के खिलाफ पूर्व में आचार सहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी, जिसमें पुलिस पूछताछ के लिए उसके घर पर आई थी। फिलहाल पुलिस मृतक के आत्महत्या करने के बाद पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। समाचार लिखे जाने तक परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे परिवार में युवक की मौत से कोहराम मचा हुआ है।







# एंबुलेंस चालक की लापरवाही से घायल ग्रामीण की मौत

## स्पीड-हूटर का प्रयोग करता तो बच सकती थी जान

**बुढ़ाना, 30 अप्रैल (बु.)।** एक एंबुलेंस चालक की लापरवाही के चलते सड़क हादसे में घायल हुए ग्रामीण की समय से उपचार नहीं मिलने के कारण मौत हो गयी। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है। मृतक ग्रामीण का एक पुत्र बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के गांव हुसैनपुर कलां का निवासी 29 वर्षीय नूर मोहम्मद पुत्र अनीस खान बीती मंगलवार के दिन मोटर साइकिल पर सवार होकर गांव बिटावदा में किसी काम से गया हुआ था, जब वह वापसी में अपने घर लौट रहा था, तो दोपहर के करीब 2 बजे जब वह बड़ौत रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप आया, तो विपरीत दिशा से आ रही एक बुलेट गाड़ी से मोटर साइकिल की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गयी, जिसमें नूर मोहम्मद व बुलेट पर सवार बुढ़ाना निवासी वाशू शर्मा पुत्र पंकज भी गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों घायलों को किसी व्यक्ति की सूचना पर मौके पर पहुंचे बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया, तो चिकित्सकों ने अलग-अलग दो एंबुलेस मंगाकर वाशु को मेरठ व नूर को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया, जहां पर चिकित्सकों ने नूर को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि घायल नूर को जो एंबुलेंस चालक लेकर गया था, उसने बिना स्पीड व बिना हूटर के एंबुलेंस चलाई, जिस कारण चालक अस्पताल लेट पहुंचा, तो नूर की मौत हो गयी।



# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 42 जजों का किया ट्रांसफर

**मुजफ्फरनगर के जनपद न्यायधीश डॉ. अजय कुमार को हापुड़ भेजा**

**संतोष राय को प्रयागराज जिला जज से मुजफ्फरनगर का जज बनाया**

**शामली के जिला जज विकास कुमार को मथुरा भेजा गया है**

**लखनऊ, 30 अप्रैल (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार, 30 अप्रैल को यूपी के 42 जजों का ट्रांसफर किया। इन सभी जजों का प्रदेश के अन्य जिलों में तबादला किया किया गया है। बता दें कि सोमवार को ही 62 जजों का तबादला किया गया था। इसके दो दिन बाद ही फिर एक और बड़ा फेरबदल करते हुए 42 जजों का तबादला किया गया है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश पर रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने अधिसूचना जारी करते हुए तबादले की जानकारी दी। जिसके अनुसार, वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट जज संजीव पांडेय को मेरठ भेजा गया है। संजीव पांडेय ज्ञानवापी के 7 मामलों की सुनवाई कर रहे थे। वहीं कानपुर देहात के जिला जज प्रकाश तिवारी को वाराणसी भेजा गया है। इसके अलावा झांसी के जज पदम नारायण मिश्रा को मुरादाबाद भेजा गया। मुरादाबाद के भानु देव शर्मा को रामपुर जिला जज बनाकर भेजा गया। रामपुर के जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी को प्रतापगढ़ भेजा गया है। उत्कर्ष चतुर्वेदी बहराइच के जिला जज के पद पर थे, जिन्हें तबादले के बाद बलरामपुर भेजा गया। हाथरस के जिला जज सतेंद्र कुमार को बहराइच भेजा गया है। देवरिया के जज देवेंद्र सिंह को बांदा में जिला जज बनाया गया। प्रतापगढ़ के अब्दुल शाहिद को पीलीभीत में जिला जज बनाकर भेजा गया। बदायूं में जिला जज के पद पर तैनात मनोज कुमार को बागपत भेजा गया। मुजफ्फरनगर के जिला जज डॉ अजय कुमार को हापुड़ भेजा गया। हापुड़ के जिला जज मलखान सिंह का तबादला नोएडा किया गया है। अमरोहा के जफीर अहमद का तबादला गोंडा के जिला जज के पद पर किया गया है। वहीं अनिल कुमार झा जो बलरामपुर के जिला जज थे उन्हें गोरखपुर भेजा गया है। गोरखपुर के जिला जज तेज प्रताप तिवारी को रामाबाई नगर (कानपुर देहात) के जिला जज के रूप में तैनात किया गया है। कानपुर नगर के प्रदीप कुमार सिंह को हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के जिला जज बनाया गया है। आगरा के जिला जज के पद पर तैनात विवेक संगल को बदायूं के जिला जज बनाया गया है। इटावा के जिला जज चवन प्रकाश को कानपुर नगर भेजा गया है। महारांगज में जिला जज के पद पर तैनात नीरज कुमार फरुर्खाबाद में जिला जज बनकर गए हैं। कौशांबी के अनुपम कुमार अब अलीगढ़ में जिला जज का पद संभालेंगे। विकास कुमार जो शामली के जिला जज थे उन्हें मथुरा भेजा गया है। श्रावस्ती के जिला जज राम मिलन सिंह को देवरिया और विनय कुमार जो फरुर्खाबाद से हाथरस जिला जज बनकर गए हैं। संभल के जिला जज कमलेश कुच्छल झांसी के नए जिला जज बने। भदोही के डिस्ट्रिक्ट जज दुर्ग नारायण सिंह संभल के नए जिला जज बने। अलीगढ़ के डीजे संजीव कुमार को प्रयागराज का नया जिला जज बनाया गया है। संतोष राय को प्रयागराज जिला जज से मुजफ्फरनगर जिले का जज बनाया गया। मथुरा के जिला जज डीजे आशीष गर्ग को गाजियाबाद का नया जिला जज बनाया गया। मेरठ जिले के जज रजत सिंह जैन को इटावा का जिला जज बनाकर भेजा गया है।



मुजफ्फरनगर जनपद के नए जिला जज संतोष राय

# भट्टे की दीवार गिरने से 2 मजदूरों की दर्दनाक मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा, विधायक सहित पहुंचे कई नेता

**चरथावल, 30 अप्रैल (बु.)।** थाना क्षेत्र ग्राम सिंगलपुर में स्थित एक ईंट भट्टे पर बुधवार को सुबह हादसा हुआ। मजदूर भट्टे से ईंटों की निकासी कर रहे थे। इसी दौरान भट्टे की एक दीवार अचानक गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से रोहित व ईश्वरचंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 2 अन्य मजदूर भी घायल हो गए, उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची चरथावल थाना पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही भाकियू एनसीआर अध्यक्ष विकास शर्मा, भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज, भाजपा नेता विवेक बालियान, चरथावल विधायक पंकज मलिक अन्य मौके पर पहुंचे। साथ ही एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर देवव्रत वाजपेयी, तहसीलदार, श्रम अधिकारी मौके पर पहुंचे। भट्टा मालिक द्वारा दोनों मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख व दोनों घायलों को 1-1 लाख मुआवजा और प्राइवेट अस्पताल में इलाज पर सहमति बनने पर दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए भेजा गया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम सिंगलपुर में ईंट भट्टे की दीवार गिरने से उसमें कई मजदूर दब गए थे, जिसमें दबकर 2 की मौत हो गई। अन्य मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को बाहर निकाला। घटना से चारों तरफ हाहाकार मच गया। मृतक मजदूरों की पहचान 22 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र रामनिवास, 35 वर्षीय ईश्वर पुत्र धर्मवीर निवासी मुथरा थाना चरथावल के रूप में हुई। 28 वर्षीय किरणपाल सहित 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। भाकियू एनसीआर

शेष : पृष्ठ-4 पर

### शाहनवाज के समधी की जमानत याचिका पर नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)।** जैसा कि लगातार प्रतीत हो रहा है कि शाहनवाज के साथ-साथ उनके समधी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी के परिवार की मुश्किलें भी बढ़ती चली जा रही हैं। कल भी पूर्व विधायक के पास से मिले मोबाइल व सिम के मामले में नई मण्डी पुलिस ने दोनों परिवारों के सात लोगों को थाने में तलब होने का नोटिस जारी किया था। बुधवार को भी उनके समधी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। अब सुनवाई के लिए अगली तिथि 3 मई तय की गयी है। आपको बता दें कि शाहनवाज राना से मोबाइल बरामद होने के बाद से लगातार उनके घर के लोगों के मोबाइलों की बातचीत को ट्रेस किया जा रहा है। नई मण्डी पुलिस का बताना है कि पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी के नौकर आमिर की आईडी पर सिम मिला था। उक्त सिम से शाहनवाज राना ने जेल से सात लोगों से बातचीत की थी। इसी आधार पर पुलिस ने परिवार के लोगों को नोटिस तो दिया ही है, साथ ही साथ दो दिन पूर्व जेल में रह रहे पूर्व विधायक मौ. गाजी की जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी थी। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बुधवार को बताया कि कोर्ट में न्यायधीश की नियुक्ति न होने के कारण जमानत पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिसके लिए अगली तिथि 3 मई नियत की गयी है।

### प्रतापगढ़ में सपा नेता की सात करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रतापगढ़ 30 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित सात करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने सपा नेता गुलशन यादव की अवैध स्त्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ आवासीय जमीन तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बुधवार को बताया है कि यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत की गयी है। गिरोह सरगना गुलशन यादव पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, गुण्डा, आर्म्स एक्ट, विस्फोट अधि नियम व गैंगस्टर जैसे 53 मामले दर्ज है।




25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ हड्डी रोग एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ से परामर्श,

अब आपके शहर मुज़फ़्फ़रनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. निकुंज अग्रवाल

एसोसिएट डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट

शुक्रवार, 2 मई 2025 | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

एस. के. बी. आरोग्यम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुज़फ़्फ़रनगर

समस्याएँ: घुटने एवं कंधे में दर्द, हाथ व पैर की विकृति, लम्बे समय तक खड़े रहने से घुटनों में दर्द होना, गठिये का दर्द, चोट या बीमारी के बाद जोड़ों का न चलना, कंधे या घुटनों पर लिगमेंट की चोट

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82181 49646, 89369 33331

www.maxhealthcare.in

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई) डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

# विवादित प्लॉट की पैमाइश करने नहीं आए नायब

## - बनाई गई कमेटी के सभी सदस्य भी बैरंग लौटे

**बुढ़ाना, 30 अप्रैल (बु.)।** एक विवादित प्लॉट की पैमाइश करने कमेटी के सदस्य तो पहुंच गये, लेकिन अध्यक्ष नदारद रहे, जिसके चलते प्लॉट की पैमाइश नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना नगर पंचायत की सीमा के अंतर्गत स्थित एक प्लॉट संख्या 11 खसरा नम्बर 2755 है, जिस पर दो सम्प्रदाय के लोगों का विवाद है। यह प्लॉट वैसे तो नौशाद अली पुत्र महमूद निवासी मौहल्ला मण्डी दक्षिणी बुढ़ाना का बताया गया है और कब्जा भी नौशाद अली का ही है। बीते दिनों बुढ़ाना निवासी ही दूसरे पक्ष पूनम वर्मा ने इस प्लॉट को अपना बताकर हंगामा खड़ा कर दिया था। उस समय सांप्रदायिक तनाव सा बन गया था, तो एसडीएम ने पूरे मामले की जांच करवाई थी। उन्होंने पैमाईश के आदेश दिए थे। पूनम ने बताया था कि उनके द्वारा एक प्लाट संख्या-11 खसरा नम्बर 2755 कस्बा बुढ़ाना में क्रय किया हुआ है। कुछ दबंग किस्म के लोग उक्त प्लॉट पर उसे निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। पूनम ने डीएम को शिकायत भेजकर प्लॉट पर कब्जा दिलाये जाने का अनुरोध किया था, जिसमें नगर पंचायत द्वारा बताया गया था कि खसरा नम्बर-2755 की सीमाएं अभी तक स्पष्ट नहीं हैं, जिसके कारण प्लॉटों के चिन्हांकन में समस्या आ रही है। खसरा नम्बर-2755 के सीमांकन हेतु अधोहस्ताक्षरी के अनुरोध पर तहसीलदार बुढ़ाना द्वारा 7 सदस्यीय टीम का गठन करते हुए पैमाइश हेतु 30 अप्रैल की तिथि नियत की गई है। टीम के द्वारा पैमाईश व चिन्हांकन के उपरान्त प्लॉट का भी चिन्हांकन करते हुए समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। आज इसी को लेकर टीम के सभी छह सदस्य पहुंचे, लेकिन टीम अध्यक्ष नायब तहसीलदार अमन सिंह नहीं आ सके, जबकि ओमप्रकाश क्षेत्रीय राजस्व लेखपाल, सतीश कुमार लिपिक नगर पंचायत बुढ़ाना और शाहआलम कार्यालय सहायक नगर पंचायत बुढ़ाना आदि आए पर पैमाइश नहीं हो सकी। इस संबंध में नौशाद ने बताया कि नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा वर्ष 2001 में गाटा संख्या-2755 के 11 भूखण्डों की नीलामी की गयी थी, जिसमें वो भूखण्ड नबर-12 का वर्तमान में मालिक व काबिज है। उसके प्लॉट को पूनम द्वारा अपना बताकर विवाद किया जा रहा है। इस सम्बंध में नगर पंचायत बुढ़ाना भी राजस्व विभाग तहसील बुढ़ाना को पत्र भेज कर गाटा संख्या-2755 के भूखण्डों की पैमाईश का अनुरोध कर चुकी है तथा इस बाबत डीएम भी आदेशित कर चुके हैं, परन्तु कई माह बाद भी राजस्व विभाग बुढ़ाना ने प्लॉटों की पैमाईश कर चिंहित नहीं किया है।



# आधा दर्जन से अधिक किसानों की ट्यूबवेल पर चोरी से हड़कंप

## - कीमती सामान चुराकर चोरों ने किया किसान का नुकसान, किसानों में रोष

**भोपा, 30 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है। चोरों ने कस्बे की चेयरमैन सहित आधा दर्जन किसानों की ट्यूबवेल पर चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। ट्यूबवेल चोरी की घटनाओं को लेकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया है। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई व चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी की चेयरमैन सरला देवी वामन सहित, सुनील शर्मा, राजवीर सिंह, हैदर, काले खान, अनु व राजसिंह आदि के खेत गांव शुक्रतारी व भोकरहेड़ी के जंगल में है। बुधवार की सुबह जैसे ही किसान अपनी ट्यूबवेल पर पहुंचे, तो उन्हें ट्यूबवेल की दीवार टूटी हुई मिली, जहां चोरों ने ट्यूबवेल से केबिल, स्टार्टर, ऑपरेटर, कटआउट आदि सामान चुरा लिया। चोरों ने सात ट्यूबवैलों के कमरों की दीवार तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर किसानों का भारी नुकसान किया है। किसानों ने ट्यूबवैल से कीमती सामान चोरी होने की घटनाओं पर रोष व्यक्त करते हुए चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग पुलिस से की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।



## 2 पत्रकारों के प्रतिष्ठानों पर हुई चोरी का हुआ खुलासा

**बुढ़ाना, 30 अप्रैल (बु.)।** कस्बे के दो पत्रकारों के प्रतिष्ठानों पर बीते दिन हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा बुढ़ाना पुलिस ने कुल 24 घंटे में ही कर दिया। इस घटना को लेकर बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी पत्रकार नरेंद्र सैनी और डॉ. बासित सैफी के प्रतिष्ठान बुढ़ाना कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हैं। बीते मंगलवार की सुबह जब रोजाना की भांति दोनों प्रतिष्ठान खोले गये, तो किसी अज्ञात चोर ने दोनों ही प्रतिष्ठानों पर एक ही रात में तोड़फोड़ करते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया था। पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी कैमरे में आए चोर की तलाश शुरू कर दी थी। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने भागदौड़ कर बुधवार की सुबह चोर को पकड़ लिया, जिसने अपना नाम सोनू पुत्र शौकीन बताया। पुलिस ने चोर के पास से हजारों रुपये की नगदी और एक ब्लूटूथ भी बरामद की है। इस खुलासे से बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने पुलिस का धन्यवाद करते हुए आंदोलन स्थगित करने की बात कही, वहीं पत्रकारों की ओर से बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह व उनकी टीम का आभार जताया है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज ने हवन यज्ञ किया

## * दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित हनुमान-परशुराम मन्दिर में हुआ आयोजन

**मीरापुर, 30 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में ब्राह्मण समाज ने चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान भगवान श्री हनुमान-परशुराम मन्दिर में विशाल हवन यज्ञ किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार को मीरापुर में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित भगवान श्री हनुमान-परशुराम मन्दिर में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने हवन यज्ञ किया। इस दौरान पंडित हरिओम शर्मा ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन कराया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को तिलक कर उनकी पूजा की, इसके बाद हवन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आहुति दी। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ सपा नेता सुशील शर्मा, समाजसेवी अरुण शर्मा, पूर्व सभासद नरेश कौशिक, डॉ. आर.के. पाराशर, वरिष्ठ पत्रकार मीरापुर प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. राहुल शर्मा, मोनू शर्मा, रामकिशोर शर्मा, विकास कौशिक, गौरव शर्मा, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, नितिन शर्मा, प्रधुम्न शर्मा, विनय शर्मा, सहदेव शर्मा, रिंकू कौशिक, असीम शर्मा, मोहित कौशिक, गोविन्द कौशिक, आजाद शर्मा आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।



## सम्मान समारोह का आयोजन किया

**जानसठ, 30 अप्रैल (बु.)।** तहसील में कार्यरत संग्रह अमीन को प्रांतीय कार्यकारिणी में ऑडिटर बनाया गया, जिसका सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। रविवार को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का चुनाव तहसील सदर बरेली में किया गया, जिसकी अध्यक्षता छत्रपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष व अरविंद कुमार शर्मा नायब तहसीलदार ने की, जिसमें तहसील जानसठ से हसन इमाम को प्रांतीय कार्यकारिणी में ऑडिटर के पद पर चुना गया। बुधवार को तहसील परिसर में उनका सम्मान समारोह मनाया गया। सम्मान समारोह के दौरान उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर संग्रह अमीन संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा, तहसील अध्यक्ष मनमोहन, सचिव सतीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, सुनील चौधरी, खतौली से अनिल शर्मा व संग्रह अनुसेवक संघ व संग्रह अमीन संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मामूली कहासुनी में कान काटकर किया घायल

**सिखेड़ा, 30 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव नंगला मुबारिक में दो पक्षों में मामूली बात को लेकर झगड़ा हो गया। पुलिस ने स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव नंगला मुबारिक निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रामकरण ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि वह और उसका बेटा वासु और चाचा श्यामकरण अपने घर में आपस में बातें कर रहे थे, तभी पड़ोस के रहने वाले सोनू, गुरदास, अनुज और इंद्रपाल ने घर के सामने आकर उन्हे गाली-गलौच शुरू कर दी। घर से बाहर निकल कर गाली-गलौच करने के कारण पूछा, तो उन्होंने मेरे और मेरे पुत्र पर हमला कर दिया और हम लोगों के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान इंद्रपाल ने अपने दांतों से वासु का कान काट लिया। शोर शराबा सुनकर वहां पर ग्रामीण इकट्ठे हो गए। रविंद्र कुमार ने चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि झगड़े की तहरीर आई है जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# दो वर्गो में बंटने लगा समाज

## -एक टिप्पणी करने पर जानसठ में भी दुकान का बहिष्कार -दूसरे वर्ग ने भी कमर कसी पुलिस प्रशासन अनभिज्ञ

**जानसठ, 30 अप्रैल (बु.)।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को लेकर एक वर्ग में खासा गुस्सा नजर आ रहा है। कस्बे में कार्रवाई को लेकर एक टिप्पणी करने पर एक बहुसंख्यक के दुकानदार का पूरी तरीके से बहिष्कार कर दिया गया, जबकि पुलिस पूरे मामले में अनभिज्ञ बनी हुई है। पहलगाम हमले पर एक ओर जहां पूरा देश गुस्से में उबाल ले रहा है, वहीं कुछ समुदाय विशेष के लोग हमले का बदला लेने के लिए कार्रवाई की मांग किए जाने पर नाराज नजर आ रहे है। कस्बे के एक व्यक्ति ने इस हमले के बाद सोशल मीडिया पर बदला लेने की टिप्पणी की, तो समुदाय विशेष के लोगों ने उसके दुकान का विरोध करने के लिए सोशल मीडिया पर आपस में मैसेजिंग करना शुरू कर दिया। परिणाम यह रहा कि देखते ही देखते समुदाय विशेष के लोगों ने उनकी दुकान से किनारा कर लिया। मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना तो दूसरे समुदाय के लोग भी लामबंद होने लगे, जिसके चलते समाज दो विभागों में बटता हुआ नजर आ रहा है। कस्बे के कुछ बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि यदि एक दूसरे समाज से इस तरह की घटना बढ़ती चली गई, तो यह आने वाले समय में नुकसानदायक साबित होगा। इससे सांप्रदायिक सौहार्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है। पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए और इस तरह के मामलों पर रोक लगनी चाहिए। एक ओर तो पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर नजर रखने की बात करता है, लेकिन ऐसे मामलों में कार्रवाई न होने पर यह छोटी घटना किसी दिन गंभीर परिणाम ला सकती है।

## तालाब में डूबने से मजदूर की भैंस की मौत



**भोपा, 30 अप्रैल (बु.)।** गांव टंढेड़ा में आधी रात को मजदूर की भैंस खूंटे से खुलकर चली गई। सुबह गांव के तालाब में भैंस मृत पाई गई, जिससे मजदूर को आर्थिक नुकसान हुआ है। मजदूर ने मुआवजे की गुहार प्रशासन से लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेड़ा निवासी सुलेमान ने बताया कि मंगलवार की रात उसकी भैंस खूंटे से खुलकर कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी भैंस का कहीं पता नहीं चला। सुबह सवेरे गांव स्थित तालाब में भैंस मरी हुई पाई गई। सुलेमान ने बताया कि दलदल में धंस जाने के कारण भैंस की दम घुटने से मौत हो गई। भैंस की कीमत एक लाख बताई गई है। मृतक भैंस चार माह की ग्याभिन थी। पीड़ित मजदूर ने प्रशासन से आर्थिक सहायत की गुहार लगाते हुए तालाब की बाउंड्री करवाने की मांग की है।

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल, (बु.)।**
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1300-1325, चाकू 1500-1650, लड्डू 1650-1700, खुरपापाड़ 1500-1530, शक्कर मसाला 1625-1650, आमद- 3000 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97,900 | चांदी- | 97800 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 72935 |

### आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 01 मई, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# सरे बाजार मोरना में युवक के साथ मारपीट

## - शाम ढलते ही गांव में छा जाता है दबंगों का खौफ



**भोपा, 30 अप्रैल (बु.)।** अपराध के केन्द्र माने जाने वाले गांव मोरना मे दबंगों ने सरे बाजार युवक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट में घायल युवक को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र गांव मोरना निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह घर से बाजार की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में मंदिर के पास दो दबंग युवक जो हाथ में रॉड लेकर चल रहे थे। उसे अकारण ही गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और सड़क पर गिराकर उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया। सिर पर हुए प्रहार से दीपक बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा दीपक को उपचार के लिए भोपा अस्पताल में ले जाया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मोरना में आपराधिक घटनाओं के कारण आमजन में दहशत व्याप्त है।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर के भूमि पूजन के उपलक्ष्य में हुआ भव्य कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बुस.)।** श्री विश्वकर्मा पांचाल मानव सेवा संस्थान द्वारा एक भव्य कार्यक्रम श्री विश्वकर्मा मंदिर के भूमि पूजन के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें भारी संख्या में धार्मिक लोगों ने अपना कीमती समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरण सिंह पांचाल द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संचालन अमर पांचाल द्वारा किया गया। मंदिर निर्माण विशेषज्ञ मिस्त्री कल्याण जी द्वारा भूमि पूजन किया गया एवं मंदिर की नींव आयोजन में उपस्थित चरण सिंह, प्रवीण पांचाल, मांगेराम पांचाल, सुरेंद्र पांचाल, अमर पांचाल, विजेंद्र पांचाल, आकाश पांचाल, सतपाल, नवीन, पंडित विवेक शर्मा आदि द्वारा नीव में ईंटें रखकर मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। बिशंभर सिंह पांचाल (अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा पांचाल मानव सेवा संस्थान) द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं सभी से अनुरोध किया गया कि मंदिर निर्माण में अपना सहयोग करने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम हमेशा सभी के सहयोग से ही पूर्ण होते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के द्वारा किया गया।







## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मोरना (भोपा) में केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ



**भोपा, 30 अप्रैल (बु.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मोरना (भोपा) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव (साक्षात्कार) का आयोजन किया गया। बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मोरना (भोपा) में केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें नोएडा से दि टाईमैक्स प्रा.लि. व अन्य कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस ड्राइव में लगभग 80 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से कंपनियों द्वारा व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, आरएसी, वेल्डर, प्लम्बर, मोटर मैकेनिक व टर्नर आदि के 48 बच्चों का चयन किया गया। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 5 मई 2025 को जॉइनिंग लैटर दिए जाने की घोषणा की गई। इस ड्राइव का सफल संचालन प्रधानाचार्य रोहिताश सिंह, कार्यदेशक इकबाल हसन, अनुदेशक कर्मवीर, सचिन कुमार, शियोग कुमार, मयंक कुमार, अभिषेक कुमार, शिवम व अन्य कर्मचारियों की अध्यक्षता में किया गया।

# जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल डांस-डे' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बुस.)।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में इंटरनेशनल डांस-डे' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंटरनेशनल डांस-डे' हर साल पूरे विश्व में 29 अप्रैल को मनाया जाता है, इसको मनाने का उद्देश्य विश्व में नृत्य को बढ़ावा देना तथा नृत्य से सम्बंधित प्रतिभाओं को आगे लाना एवं प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रबंधक समिति से मीना गोयल का स्वागत करके किया गया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों ने वेस्टर्न, मराठी, पंजाबी, कथक आदि राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नृत्य एक कला है, जिसके जरिए मन में उमड़े खुशी के भाव को बिना कुछ बोले दूसरों के सामने व्यक्त किया जा सकता है, जिससे मनोबल भी बढ़ता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नृत्य मानसिक तनाव से मुक्ति देता है और यह एक एक्सरसाइज का जरिया भी है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए इन बातों को ध्यान में रखकर ऐसे संभव प्रयास किए जाते हैं, जिससे वे प्रत्येक गतिविधि का लाभ प्राप्त कर अपना मानसिक व बौद्धिक विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल की तरफ से बच्चों के ज्ञान व स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियां समय-समय पर करवाई जा रही हैं। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है एवं छात्रों का बहुआयामी विकास होता है।

उधर दूसरी तरफ जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा रेड कलर डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने लाल रंग की पहचान और जीवन में उसके महत्व को जाना। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तु लेकर आए थे। साथ ही सभी बच्चे व शिक्षक लाल ड्रेस में आये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी ने कहा कि बच्चों में रंगों की पहचान बहुत जरूरी है। रंगों की पहचान के लिए नियमित शिक्षा के अलावा रेड-डे, ग्रीन-डे, येलो-डे जैसे आयोजन उन्हें सीखने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चे खेल के साथ शिक्षा को ग्रहण कर पाते हैं।





# इंजीनियर्स क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर शीतल जल सेवा




**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बुस.)।** इंजीनियर्स क्लब मुजफ्फरनगर विगत 21 वर्षो से महावीर चौक पर लगातार शीतल जल सेवा के माध्यम से प्याऊ का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी आज अक्षय तृतीया के परम पावन अवसर पर क्लब द्वारा शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष इंजीनियर बी.आर. शर्मा ने की एवं संचालन सचिव इंजीनियर उमेश चंद वर्मा द्वारा किया गया। इस शीतल जल सेवा का लोकार्पण क्लब के संरक्षक सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता इंजीनियर लोकेश चंद्र, वैष्णो स्टील के निदेशक इंजीनियर अशोक अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट कुंवर देवराज पँवार एवं श्यामलाल बंसल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बताया कि इंजीनियर क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष अनेकों सामाजिक कार्य किए जाते हैं, प्याऊ के साथ-साथ क्लब द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन, निर्धन छात्राओं को सर्दी के मौसम में गरम स्कूल यूनिफार्म का वितरण, आशादीप संस्थान के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की सेवा प्रमुख रूप से किए जाते हैं। इस शीतल जल सेवा का संचालन सभी विभागों के प्रदेश भर के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त इंजीनियरों द्वारा किया जाता है। यह शीतल जल सेवा शिवरात्रि तक लगभग 100 दिन लगातार चलती रहेगी। शुद्धता बनाए रखने के लिए इस जल सेवा में केवल आरओ का जल ही प्रयोग किया जाता है। प्रतिदिन लगभग 10000 यात्री इस जल सेवा का लाभ उठाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंजीनियर आर.के. गोयल, रामवीर सिंह, बी.बी. गुप्ता, एस.सी. गर्ग, दिनेश कुमार गुप्ता, आर.पी. सिंह, मुरलीधर शर्मा, विजय कुशवाहा, राज नारायण यादव, डी.पी. जैन, के.के. शर्मा, राहुल वर्मा, प्रदीप गोयल, ललित शर्मा, विकास कुमार, प्रणपाल, राजेन्द्र कुमार आदि इंजीनियर उपस्थित रहे।



## त्यागी सभा भवन, फ्रेंड्स कालोनी में मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बुस.)।** त्यागी सभा भवन, फ्रेंड्स कालोनी पर शिवकुमार त्यागी (अध्यक्ष) और ललित त्यागी (मंत्री) त्यागी सभा द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण किया और भगवान परशुराम जी के विषय में अपने विचार व्यक्त कर समाज को निवेदित किया कि आज के समय में प्रत्येक वर्ग भगवान परशुराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें, जब हम सब भगवान परशुराम जी को प्रेरणा मानकर आगे चलेंगे, तो हमारा, मन चित्त,और चरित्र सब पवित्र होगा। समाज और समाज में आने वाली पीढ़ियों का उद्धार होगा। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन मुख्यत दर्शनलाल त्यागी, दिग्विजेश्वर त्यागी, सुरेश त्यागी, (सीडकी), ब्रह्मदत्त त्यागी (कोषाध्यक्ष), डॉ. राजपाल त्यागी, कपिल त्यागी (उपाध्यक्ष), सुरेंद्र त्यागी, उमेश त्यागी (पूर्व अध्यक्ष)पंकज त्यागी, गुड्डू त्यागी, अनुज त्यागी, सचिन त्यागी(पावटी) उपस्थित रहे।

# एसडी मैनेजमेंट स्टडीज में नेटवर्किंग की शक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आईक्यूएसी सेल के तहत करियर में नेटवर्किंग की शक्ति विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की। कार्यक्रम में बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक संजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डॉ. आलोक गुप्ता मीडिया प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री या डिप्लोमा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि किसी भी छात्र के करियर निर्माण में नेटवर्किंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नेटवर्क व्यक्ति को न केवल अवसरों तक पहुँच प्रदान करता है, बल्कि कठिन समय में मार्गदर्शन और सहयोग भी देता है। इसके बाद बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नेटवर्किंग को करियर में एक मजबूत आधार स्तंभ बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और संयोजक संजय शर्मा ने नेटवर्किंग की शक्ति विषय पर बहुत ही विस्तारपूर्वक और व्यावहारिक तरीके से विचार साझा किए। संजय शर्मा ने बताया कि नेटवर्किंग के माध्यम से हमें केवल करियर के अवसर ही नहीं मिलते, बल्कि नए विचार, प्रेरणा, प्रोजेक्ट्स, मार्गदर्शन, और कभी-कभी जीवन बदल देने वाले अनुभव भी मिलते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में गहरी रुचि और उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर संजय शर्मा ने अत्यंत सरल, व्यावहारिक और प्रेरणादायक ढंग से दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर बीबीए विभाग के समस्त शिक्षकगण, जिनमें डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजार, संजय, अभिषेक, सोनिका, पूर्वी, प्राची, राजीव पाल सिंह एवं दीपक गर्ग उपस्थित रहे। सभी ने इस विषय को समयानुकूल और अत्यंत लाभकारी बताया। छात्रों ने भी इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई। इस आयोजन को सफल बनाने में बीबीए विभाग की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।



**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 33, दिनांक 01/01/2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम अक्षिता पाल अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

विकास
पुत्र सोहनवीर सिंह
निवासी- 790/30/4, रामपुरी
मुजफ्फरनगर, मो. 8218848131

**खोया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद बोर्ड, की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230535114 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

यश गौतम
पुत्र सुनील दत्त
ग्राम-किनौनी, जिला-मुजफ्फरनगर
मो0 8445088982

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 2911, दिनांक 7/3/2022 में नियमों की जानकरी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम AVYAAN RATHI अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

दिव्यांशु राठी
पुत्र ललित कुमार
ग्राम- लिब्बरहेड़ी, जिला-हरिद्वार
मो0 9027703617

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम समरीन (SAMREEN) दर्ज है, जो कि मेरे विवाह से पूर्व का नाम है। अब मेरा विवाह उपरान्त नाम समरीन त्यागी (SAMREEN TYAGI) है जो कि बिलकुल सही है। भविष्य में मुझे समरीन त्यागी (SAMREEN TYAGI) के नाम से जाना व पुकारा जाए।

समरीन त्यागी
पत्नी श्री मौ. जीशान त्यागी
निवासी- 774/6, योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर

**गुमशुदा सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मामा जी जिनका नाम ओमपाल सिंह पुत्र जिला सिंह मेरे साथ मेरे निवास पर ही रहते हैं, दिनांक 20/04/2025 को सत्संग के नाम से घर से निकले थे, उसी दिन से लापता हैं। बोलने में असमर्थ व दिमागी रूप से भी स्वस्थ नहीं हैं।

मेरे मामा का हुलिया इस प्रकार है-
उम्र 62 वर्ष, कद 5 फुट, चैक की शर्ट व ग्रे कलर पैन्ट पहने हुए हैं, रंग सांवला व सफेद, छोटे-छोटे बाल हैं। जिस किसी भी व्यक्ति को मिलें या दिखाई दें, तो दिये गये निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

मुकेश कुमार पुत्र गोरधन सिंह
1116/A, पुरुषार्थी कॉलोनी, साउथ सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर
M.9760364036, 9808017771



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## समय सीमित है और लक्ष्य बड़े हैं

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में युग्म नवाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समय सीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, और लक्ष्य बड़े हैं। ॰समय सीमित है,लक्ष्य बड़े हैं॰, इन दो वाक्यों की अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। आज देश में पहलगाम हमले पर सरकार के वर्तमान और भावी कदमों की चारों ओर चर्चा है और जनता प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की बातों को अपने अर्थों में ले रही है। भले ही उन्होंने 'समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं' ये वाक्य किसी और संदर्भ में कहे हों, लेकिन इनका अर्थ निकालने वालों ने यहां तक अर्थ निकाल लिया कि उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दे दी है। कई यूट्यूबरों ने तो इन्हीं वाक्यों पर वीडियो बना कर अपलोड कर दिये है। न्यूज चैनल तो अपनी चाल से चल ही रहे हैं, उनकी शैली वही है जैसी बरसात में होती है। बरसात में किसी बांध से पानी छोड़ा जाता है तो उनके माइक मैन इतना बौखलाते हैं कि ऐसा लगता है कि बस कुछ ही घंटों में दिल्ली डूब जाएगी। इस हमले पर भी यही लग रहा है कि कभी भी जंग शुरू होने वाली है, कुछ बड़ा होने वाला है। कल केन्द्र सरकार की कई हाई लेवल मीटिंग हुईं, उसके बाद प्रेस कांफ्रेस करते हुए केंद्रीय मन्त्री अश्वनी वैष्णव ने जानकारी दी। लोग पहलगाम हमले पर कुछ सुनना चाह रहे थे, उन्होंने जातिगत जनगणना की बात कह दी। सरकार जनगणना के साथ, जातिगत जनगणना भी करवाएगी। यह बात भी बड़ी बात है। दूसरी तरफ भारत में चल रही हलचल से और प्रधानमन्त्री के इन दो वाक्यों ॰समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं॰ से पाकिस्तान में घबराहट बढ़ी हुईं है। तनाव में आकर पाकिस्तान के नेता जहालत भरी बयानबाजी कर रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल कैबिनेट मीटिंग हुई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा जातियों का इस्तेमाल वोट बैंक के लिए किया है। उन्होंने कहा कि 2010 में दिवंगत प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की, इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया। यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी यानी सीसीपीए ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। सीसीपीए को 'सुपर कैबिनेट' भी कहा जाता है। इसमें केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रमुख मिनिस्टर्स शामिल होते हैं। सीसीपीए के अध्यक्ष प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी हैं। बिहार चुनाव से पहले मोदी कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेकर राहुल गांधी के तरकस से एक और मुद्दा छीन लिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिहार चुनाव से पहले जाति जनगणना कराने का फैसला मोदी सरकार ने क्यों लिया? इस फैसले का बिहार चुनाव पर क्या प्रभाव पड़ेगा? यह फैसला बिहार में जातिगत समीकरणों पर आधारित राजनीति को नया मोड़ दे सकता है, जहां जाति आधारित वोट बैंक हमेशा से निर्णायक रहा है। इस कदम ने विपक्षी नेताओं, खासकर कांग्रेस के राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव को रणनीतिक रूप से बैकफुट पर ला दिया है, जो लंबे समय से जाति जनगणना की मांग को अपना प्रमुख मुद्दा बनाए हुए थे। भारत में चल रही बैठकों का असर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ और सूचना मन्त्री तरार के ताजा बयानों में झलकता है। पाकिस्तान के सूचना मन्त्री तरार ने, भारत के संभावित हमले के बारे में बुधवार तड़के 3:09 बजे ट्वीट किया। तरार ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो डाला और उर्दू में भी एक पोस्ट डाली।पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत की तरफ से तुरंत कार्रवाई हो सकती है। एक इंटरव्यू में ख़्वाजा आसिफ ने कहा कि हमने अपनी सेनाओं की तैनाती बढ़ाई है, क्योंकि कुछ ऐसा है, जो अब तुरंत हो सकता है। इस स्थिति में कुछ रणनीतिक निर्णय लिए जाने हैं और वो निर्णय ले लिए गए हैं। ख़्वाजा आसिफ ने ये भी कहा कि पाकिस्तान की सेना ने, सरकार को भारत की तरफ से हमले को लेकर आगाह किया है। ख़्वाजा आसिफ ने ये भी कहा कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर सीधे खतरा होगा, तो सिर्फ.उस स्थिति ही में पाकिस्तान परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। हालांकि इस साक्षात्कार के बाद ख़्वाजा आसिफ ने यह भी कहा कि अगले दो-चार दिनों में संभावित युद्ध को लेकर उनके बयान को गलत समझा गया है। ख़्वाजा आसिफ ने पाकिस्तानी टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि हमें मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। युद्ध की आशंका मंडरा रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा,इसकी संभावना है कि अगले दो-तीन या चार दिन में हम युद्ध में हो सकते हैं। ख़्वाजा आसिफ ने कहा कि उनके बयान को इस बात की भविष्यवाणी न समझा जाए कि युद्ध होने वाला है, बल्कि उनका मतलब ये है कि अगले दो-तीन दिन महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने ये भी बताया कि पाकिस्तान ने दोस्ताना देशों से हालात को टालने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने खाड़ी के देशों और चीन से बात की है, साथ ही ब्रिटेन और अमेरिका समेत अन्य देशों को भी हालात से वाकिफ कराया है। ख़्वाजा आसिफ के बाद बुधवार सुबह तीन बजे पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर पोस्ट डाला। अपने बयान में तरार ने लिखा कि पाकिस्तान के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत पहलगाम की घटना को बहाना बना कर अगले 24 से 36 घंटों के बीच फौजी कार्रवाई का इरादा रखता है। किसी भी किस्म के हमले का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। क्षेत्र में संभावित विनाशकारी परिणामों की ज़िम्मेदारी भारत पर होगी। इसी बीच भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"प्यार" "पप्पु" "खूबी" "उम्र"

प्यार से समझाइये या डांट कर समझाइये,
पप्पु क्या समझेंगे उनको उम्र भर समझाइये।
अपने एबों को जो खूबी ही समझते हों यहाँ,
ऐसे लोगों को बहुत कुछ सोच कर समझाइये।

# गेहूं खरीद में पिछड़ा जनपद, शामली-सहारनपुर आगे

## - समीक्षा में सच जान नाराज हुए एडीएम, मंडी से हटे 2 केंद्र

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। यूपी में गेहूं की खरीद के लिए सरकार भले ही गंभीर बनी हो, लेकिन जिलों में हाल-बेहाल है। ऐसे में गेहूं खरीद की समीक्षा में गेहूं क्रय केन्द्रों पर शुरू खरीद व्यवस्था की पोल खुल रही है। जनपद में अभी लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं की 15 फीसदी खरीद नहीं हो पाई है, जबकि मंडल के दूसरे जनपदों शामली एवं सहारनपुर में इससे कहीं ज्यादा गेहूं खरीदा जा चुका है। इसे लेकर एडीएम वित्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही के आदेश दिये तो वहीं नवीन मंडी स्थल से दो क्रय केन्द्र हटाने के लिए कहा है। खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गेहूं खरीद की व्यवस्था को परखने को एडीएम राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बुधवार को समीक्षा की। इसमें मंडल के दूसरे जनपदों के मुकाबले खरीद में मुजफ्फरनगर के पिछड़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी गई है। समीक्षा के दौरान 29 अप्रैल तक जनपद में हुई गेहूं खरीद के आंकड़ों में पाया गया कि खाद्य विभाग द्वारा 1359.00 मी. टन (36.93 प्रतिशत), पीसीएफ द्वारा 1108.64 मी. टन (10.11 प्रतिशत), पीसीयू द्वारा 968.40 मी. टन (13.16प्रतिशत), भा.खा.नि. द्वारा 147.90 मी. टन (5.03प्रतिशत), कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा 110.20 मी.टन (19.96प्रतिशत) गेहूं क्रय किया गया। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 14.49 प्रतिशत गेहूं क्रय हो सका है, जबकि सम्भाग के दो अन्य जनपदों सहारनपुर एवं शामली में लक्ष्य के सापेक्ष सहारनपुर में 28.16 प्रतिशत तथा शामली में 29.27 प्रतिशत गेहूँ क्रय किया गया। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 14.49 प्रतिशत गेहूं क्रय किये जाने पर एडीएम वित्त ने कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने



दैनिक रूप से सबसे कम खरीद करने वाले या शून्य खरीद करने वाले केन्द्र प्रभारियों के साथ निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अत्यधिक कम खरीद करने वाले केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने वर्तमान में नवीन मंडी के प्लेटफार्म पर गेहूँ क्रय केन्द्रों में से दो केंद्रों को किसी अन्य प्लेटफार्म पर स्थानान्तरित करने के साथ जनपदीय अफसरों को गेहूं क्रय की केन्द्रवार समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये तथा गेहूं क्रय में रूचि न लेने वाले कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर जोर दिया गया।

## देश में वक्फ संपत्तियों पर बड़ी संख्या में भूमाफियाओं का है कब्जाः सतेन्द्र सिसौदिया

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर भाजपा ने एक बड़ा अभियान छेड़कर इसके लिए जनसमर्थन जुटाने की पहल शुरू की है। इस कड़ी में हर जिले में भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच वक्फ संपत्तियों को लेकर हो रहे खेल को उजागर करने में जुटी है। इसके लिए भाजपा ने वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने मीडिया से वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने वक्फ बिल में संशोधन किया है, जिसमें सबसे बड़ी बात यह है कि वक्फ की भूमि दान देने वाले व्यक्ति, संस्था को अपनी पहचान और दान की जा रही संपत्ति पर मालिकाना हक बताने के साथ इसके साक्ष्य भी देने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संपत्ति कानून के लिए लोगों को जागरुक करने के लिए ही पार्टी द्वारा देश भर में अभियान छेड़ा गया है।इसके लिए हर जनपद में कार्यकर्ता वक्फ सुधार जन जागरण अभियान में जुटने के लिए कार्यशालाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ एक दान है, जो वही व्यक्ति दे सकता है जिसका उस संपत्ति पर मालिकाना हक हो, पर कुछ लोगों ने इसे ही अपना धंधा बना लिया। वक्फ संशोधन अधिनियम-1954, 1955 व 2013 में लाया गया था, तब कांग्रेस की सरकार देश में थीं। कांग्रेस ने 2013 में वक्फ संशोधन करके मुस्लिम समाज के संपन्न लोगों को इसमें असीमित अधिकार देकर जमीनों पर अवैध कब्जा कराया था। आज इस घोटाले का पदार्फाश करने और इन संपत्तियों से गरीब कल्याण की भावना को सार्थक करने के लिए ही वक्फ बिल में संशोधन करके भाजपा सरकार ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इस वक्फ संशोधन कानून का मकसद गरीब परिवारों के कल्याण के लिए है, क्योंकि ये संपत्ति दान करने वालों ने गरीबों के लिए ही दी है, लेकिन इसका, आज बड़े पैमाने पर संपन्न लोग, अपने स्वार्थ के लिए दुरूपयोग कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह, अचिंत मित्तल, शरद शर्मा, पवन अरोरा, संजय गर्ग, जगदीश पांचाल, प्रवीण खेड़ा, पंकज माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।



## शिक्षक संघ ने डीआईओएस कार्यालय पर दी पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में एक शोक सभा आयोजित की गई। बुधवार को संपन्न श्रद्धांजलि सभा में बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे सैलानियों को उस वक्त आतंकियों ने अंधाधुंध गालियों का शिकार बना लिया, जब वो खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ वे वहां मौजूद थे। शिक्षक संघ ने इस दुःखद घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए मृतकों के प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और इस घटना में दोषी आतंकवादियों के साथ ही उन्हें संरक्षण देने वाले लोगों की तलाश कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाह, समीर चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष कैप्टन बबीता राणा, शालिनी सिंह, विजय त्यागी, प्रीत बर्धन शर्मा, कपिल त्यागी, अक्षय चौधरी, तेजपाल सिंह, डॉ. दीपक गर्ग, बाकर अली, कांतू सिंह राठी, अनुराग जैन, कविता गुप्ता, विवेक रंजन, चन्द्रमोहन, संजीव शर्मा, प्रदीप लाल, सतेन्द्र मलिक, सुनील तोमर, विकास मोतला, डॉ. मनवीर सिंह, कृष्ण पाल, विक्रांत चौधरी, शुभम पाल आदि मौजूद रहे।



## भाजपा कार्यालय पर लगे अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे

### - भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। बाबा साहब का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान और सपा मुखिया अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारों से बुधवार दोपहर भाजपा कार्यालय उस वक्त गूंज उठा, जब भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया पार्टी दफ्तर पर वक्फ संशोधन बिल पर मीडिया से वार्ता कर रहे थे। इसी बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दर्जनभर पदाधिकारियों ने मुख्य गेट के बाहर बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के चित्र के साथ समाजवादी पार्टी द्वारा की गई अशोभनीय व अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा पार्टी कार्यालय पर इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने सपा नेताओं पर बाबा साहेब के साथ की टिप्पणी पर रोष व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय व असंवैधानिक और दंडनीय करार दिया। घटना के विरोध में भाजपा कार्यालय गांधीनगर से गांधीनगर चौराहा तक पार्टी पदाधिकारियों के साथ विरोध प्रदर्शन कर आपत्तिजनक कृत्य पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई। इस दौरान प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजू अहलावत, मौहम्मद सलीम, मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, अमित शास्त्री, संदीप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय मंत्री अनुसूचित मोर्चा यशवीर, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा अमित सुधा, सावन कुमार, जिला मंत्री गौरव मुंडे, राज सिंह, सुंदर लाल वाल्मीकि, महिपाल, आर्यन, धीर सिंह सैनी, अरविंद गौतम, सामोद दिवाकर जी आदि मौजूद रहे।।




## आयोग सदस्या सपना कश्यप ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

### - समस्याओं के त्वरित निदान के साथ योजनाओं के लाभ देने के दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप ने बुधवार को निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग, मुजफ्फरनगर में महिलाओं के विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों में सुनवाई करते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके साथ पूर्व में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण संबंध में समीक्षा की। आयोग सदस्य सपना कश्यप ने बुधवार को मेरठ रोड निरीक्षण भवन में महिला उत्पीड़न मामलों में सुधार किए जाने के साथ यूपी सरकार द्वारा कराए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए मौजूद रही पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। इस दौरान डाक बंगले पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, महिला सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय, डिप्टी जेलर दीपक सिंह, महिला थाने के प्रतिनिधि ने पुष्प भेंट कर आयोग सदस्या का स्वागत किया। इस दौरान आयोग सदस्या सपना कश्यप ने सभी आगंतुकों के साथ पीड़ित महिलाओं को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में सुनवाई की। बुधवार को उनके समक्ष प्राप्त 08 प्रार्थना पत्रों में थाना फुगाना व खतौली, प्रोबेशन विभाग एवं सदर क्षेत्र से जुड़े प्राप्त हुए, जिनके निर्धारित समय अंतर्गत निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त हुए आवेदनों व प्रकरणों के संबंध में आयोग सदस्य ने समीक्षा की। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार प्रोबेशन अधिकारी ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से आयोग सदस्य के भ्रमण के दौरान नीना त्यागी जिला संरक्षण अधिकारी, पूजा नरूला केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, आंकड़ा विश्लेषक सचिन कुमार एवं आउटरीच वर्कर संजय कुमार एवं अजय कुमार उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल में दिया 2 मई की जन आक्रोश रैली को समर्थन

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए नरसंहार को लेकर आक्रोश के साथ गम का माहौल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। देशभर में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच अब नगर मुख्यालय पर आगामी 2 मई को जन आक्रोश रैली के माध्यम से शहीद लोगों को नम आंखों से श्रद्धांजलि देने की तैयारियां जोरों पर है। इस जन आक्रोश रैली के समर्थन में जनपद की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ व्यापारिक एवं समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। बुधवार को इस मुद्दे को लेकर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक अध्यक्ष संजय मित्तल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार दो मई को नगर मुख्यालय पर सायं 5 बजे से टाउनहाल प्रांगण से शुरू होने इस जन आक्रोश रैली में समस्त व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को तीन बजे अपराह्न बंद कर भारी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में तमाम वक्ताओं ने पहलगाम की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे हिन्दू धर्म के लिए दुःखदायी घटना बताते हुए सरकार से कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, संजय मित्तल, अशोक बाटला, प्रमोद मित्तल, निशांत जैन, सुभाष चौहान, बिजेन्द्र गोयल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## संभावित बाढ़ की तैयारियों को लेकर शुरू हुआ मंथन

### - डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु से पूर्व ही संभावित बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा के लिये जनपद स्तर पर गठित बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण व एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार ने जिले में बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों, आश्रय स्थलों, बंधों एवं बाढ़ के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गयी। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि तहसील स्तर पर एसडीएम की जिम्मेदारी होगी कि वें अपने क्षेत्रों में बाढ़ से पूर्व की तैयारी के दृष्टिगत किये जा रहे प्रबंधों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण समयान्तर्गत कर लें। वहीं नगर पालिका/नगर पंचायत एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के नालों व नालियों की सफाई का महत्वपूर्ण कार्य समय से पूर्ण करा लें, ताकि जिससे संभावित बाढ़ के दौरान जल प्लावन की स्थिति न बनें। उन्होंने सीएमओ को बाढ़ के दौरान संक्रामक बीमारी को फैलने से रोकने के लिए जरुरी व जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। ड्रेनेज खंड को सम्पूर्ण तैयारी रखने एवं जनपद में बने समस्त तटबंधों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि बाढ़ आते ही राहत सामग्री वितरित की जाये, इस कार्य में कोई की शिथिलता न की जाये।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त गजेन्द्र कुमार ने सभी विभागों को बाढ़ एवं सूखा आपदा प्रबन्धन योजना बनाने के साथ एसडीएम को नाव-नाविक व गोताखोरों को सूचीबद्ध बनाने और अस्थाई पम्पिंग सेट सूची तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पशुओं के लिए वैक्सिनेशन का कार्य, चारे की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## बेगम को पसंद नहीं आई शौहर की दाढ़ी, देवर संग हुई फरार

मेरठ, 30 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी के मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नवविवाहिता को अपने शौहर की दाढ़ी पसंद नहीं थी। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। तनाव बढ़ा तो नवविवाहिता अपने देवर के साथ फरार हो गई। पीड़ित पति शाकिर ने पुलिस में पत्नी और छोटे भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई है। बताते हैं कि पेशे से मौलाना शाकिर का निकाह करीब सात महीने पहले इंचौली निवासी एक युवती से हुआ था। शादी के बाद से ही पत्नी शाकिर की दाढ़ी से असहज थी और उसे कटवाने का दबाव बना रही थी। शाकिर के मना करने पर उसने अपने मायके पक्ष से भी इस मुद्दे पर शिकायत की। कुछ समय तक मामला शांत रहा, लेकिन फिर से दाढ़ी को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान महिला के अपने देवर से नजदीकियां बढ़ गईं और दो महीने पहले वह नकदी व जेवरात लेकर घर से फरार हो गई। पहले तो शाकिर ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों की मदद से उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने दोनों के मोबाइल नंबरों को ट्रेस किया, जिससे पता चला कि वे पंजाब के लुधियाना में हैं। इस जानकारी के बाद पुलिस की एक टीम को लुधियाना रवाना किया गया है। शाकिर का कहना है कि उसकी पत्नी शुरू से ही आजाद ख्यालों वाली थी और उसे जबरन निकाह का तर्क देकर दाढ़ी से नफरत जताती थी। इसी वजह से वह देवर के साथ फरार हो गई। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और दोनों की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## टीबी उन्मूलन में आईएमए ने लिया 60 टीबी रोगियों को गोद

मुजफ्फरनगर, 30 अप्रैल (बु.)। जिला चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन अभियान के तहत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की इकाई द्वारा 60 टीबी मरीजों को प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ की पोषण पोटली वितरित की गई। बालाजी चौक स्थित डॉ. सुनील चौधरी के नर्सिंग होम में संपन्न हुए पोषण पोटली वितरण के इस कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने किया। उन्होंने कहा कि जनपद में टीबी की रोकथाम व टीबी उपचार को और अधिक सुलभ बनाने के लिए जनपद की सरकारी संस्थाएं, जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवी वर्ग के साथ मिल कर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आईएमए शाखा को निःक्षय मित्र बनकर रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करने पर उनके कार्य को प्रशंसनीय बताया। डॉ. लोकेश गुप्ता जिला क्षय रोग अधिकारी ने सरकार की ओर से टीबी मरीज के खाते में उनके पोषण को और बेहतर बनाने हेतु इलाज के दौरान तीन-तीन हजार रुपये दो किस्तों में दिये जाते हैं। उन्होंने सभी समाज के प्रबुद्धजनों, एनजीओ संस्थाओं, ग्राम प्रधानों से अपील की कि वह स्वयं निक्षय मित्र बनें और समाज में अपने स्तर से निःक्षय मित्र बनवाकर, जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेने को आगे आयें जिसके जनपद एवं प्रदेश टीबी मुक्त सफल होने में सहायता हो सके। इस अवसर पर इआईएमए अध्यक्ष डॉ. सुनील चौधरी, सचिव डॉ. मनोज काबरा आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेश के हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत मिली

बांग्लादेश, 30 अप्रैल (एजेंसी)। बांग्लादेश के हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिल गई है। ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। हालांकि कोर्ट के फैसले के बाद भी चिन्मय दास की रिहाई कब तक होगा यह तय नहीं है। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है, तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मय कृष्ण दास पर राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बांग्लादेश पुलिस ने पिछले साल 25 नवंबर को ढ़ाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया था, तब वे चटगांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि डीबी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया। उन्होंने बस इतना कहा कि वे बात करना चाहते हैं। इसके बाद वो उन्हें माइक्रोबस में बैठाकर ले गए। ढ़ाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मल्लिक ने बताया था कि पुलिस के अनुरोध के बाद चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया।



## पाकिस्तान की शव यात्रा लेकर निकले विजय हिंदुस्तानी का किया स्वागत

शाहपुर, 30 अप्रैल (बु.)। कस्बे में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान की शव यात्रा लेकर निकले विजय हिंदुस्तानी का स्वागत किया गया। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पाकिस्तान की शव यात्रा लेकर निकले विजय हिंदुस्तानी के कस्बे में पहुंचने पर मेन बाजार में व्यापारियों व नागरिकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विजय हिंदुस्तानी ने बताया कि पहलगाम हमले से पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। प्रत्येक हिंदुस्तानी पाकिस्तान से बदला लेना चाहता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत के गद्दार असीम मुनीर, हनीफ अब्बासी, बिलावल भुट्टो व ख्वाजा आसिफ की गर्दन काट कर लाने वाले को 10 करोड़ रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा पाकिस्तान के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान विनीत बालियान, शेखर बालियान, हर्षित राठी, विकास बालियान, पुनीत बालियान व मोनू आदि मौजूद रहे।



## भारत के भय से थर्राया पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज, 3545 अंक लुढ़का, हमले के डर से हड़कंप

पाकिस्तान, 30 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जारी भारत के आक्रामक रुख का असर बुधवार को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज पर भी देखा गया। भारत की तरफ से हमले की आशंका में पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज 3545 अंक लुढ़क गया। पाकिस्तानी मीडिया कंपनी डॉन की खबर के मुताबिक, जानकारों ने पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) के शेयरों में भारी गिरावट का कारण देश के खिलाफ संभावित भारतीय सैन्य कार्रवाई को लेकर निवेशकों की चिंता को बताया। दिनभर के भारी उठापटक के बाद आखिर में सूचकांक 1,11,326.57 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर 1,14,872.18 से 3,545.61 या 3.09 प्रतिशत कम है। खबर के मुताबिक, बेंचमार्क केएसई-100 सूचकांक 1,717.35 अंक या 1.5 प्रतिशत घटकर 113,154.83 पर आ गया, जबकि पिछली बार यह 114,872.18 पर बंद हुआ था। सुबह 10:38 बजे, सूचकांक में पिछले बंद से 2,073.42 अंक या 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई। दोपहर 1:50 बजे तक, शेयर बाजार में और अधिक बिकवाली का दबाव देखने को मिला, क्योंकि केएसई-100 सूचकांक में पिछले बंद से 3,255.42 अंक या 2.83 प्रतिशत की गिरावट आई। पाकिस्तानी मार्केट एक्सपर्ट ने पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में इस गिरावट के लिए अगले कुछ दिनों में संभावित हमले की खबर को जिम्मेदार ठहराया। निवेशक पाकिस्तान के खिलाफ संभावित भारतीय सैन्य कार्रवाई को लेकर चिंतित हैं, सूचना मंत्री की प्रेस ब्रीफिंग के बाद यह चिंता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सूचना मंत्री के कल रात के बयान के बाद बाजार दबाव में था, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि भारत अगले 24-36 घंटों के भीतर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। बीते सत्र में केएसई-100 सूचकांक में तेजी लौटी थी, जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कन्फर्म किया था कि आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड 9 मई को मीटिंग करेगा, जिसमें जलवायु लचीलापन ऋण कार्यक्रम के तहत 1.3 अरब डॉलर की नई व्यवस्था के लिए देश के कर्मचारी-स्तरीय समझौते पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, पाकिस्तान के चल रहे 7 अरब डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम की पहली समीक्षा भी होगी।




### सीजफायर उल्लंघन पर भारत ने पाकिस्तान को दी चेतावनी, हॉटलाइन पर हुई बातचीत

नई दिल्ली, 30 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले सप्ताह हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है, जो पीओके पर भी नजर आ रहा है। पाकिस्तान हमले के बाद लगातार बॉर्डर पर बिना उकसावे के फायरिंग कर रहा है। भारत भी इसका माकूल जवाब दे रहा है। सीजफायर उल्लंघन पर अब भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दे डाली है कि ऐसा आगे नहीं होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान के प्रमुख सैन्य अधिकारियों ने हॉटलाइन पर बात की है और नई दिल्ली ने नियंत्रण रेखा पर 'अकारण उल्लंघन' के खिलाफ इस्लामाबाद को चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने बुधवार को हॉटलाइन पर पाकिस्तान द्वारा अकारण संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के फायरिंग करने को लेकर उनको चेतावनी दी। पाकिस्तान के साथ भारत 3,323 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

Young Indian Revolution

WE'RE HIRING

(The Best Business Partner)

JOB REQUIREMENTS

- 12th Passed (CBSE/UP BOARD)
- ग्रेजुएशन (Freshers /College Students can apply)
- बाइक/स्कूटी वालों को वरीयता
- Age group to apply (18-50 yrs.)
- महिलाओं के लिए आकर्षक वेतन
- Only 4 to 5 hours working in a day
- Get Rs.10,000 to 60,000/- per month

मेगा HIRING कुल पद 50

Become The Part Of Young Indian Family

Area Of Work - मुजफ्फरनगर, जानसठ, बुढ़ाना, खतौली, देवबन्द, शामली, मेरठ, बागपत, रूड़की, हरिद्वार

आवेदन स्थानः- मुजफ्फरनगर

Send Resume- 6395842793 (केवल Whatsapp हेतु)

Email- sajal@youngindianrevolution.com

आवेदन- 10/5/2025 तक मान्य

